Roll No:
Date:

St. Claret College

Autonomous, Bengaluru

UG END SEMESTER EXAMINATION-MAY 2026

B.A. II SEMESTER

HNA 224: हिंदी पद्य, फिल्म समीक्षा एवं संक्षेपण

TIME: 3 hours. 1 **MAX. MARKS: 80**

This paper contains 03 printed pages and 06 Sections

Instructions:
1. **Verify and ensure that the question paper is completely printed.**
2. **Any discrepancies or questions about the exam paper must be reported to the HOD within 1 hour after the examination.**
3. **Students must check the course title and course code before answering the questions.**

SECTION-I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए : **[10x1 = 10]**

1. 'घायल भारत माता' कविता के रचनाकार कौन हैं?
2. हिरन के उदाहरण से कबीरदास ने क्या समझाया है?
3. रामचंद्र जी किस वाद्य यंत्र को बजाकर नृत्य करते हैं?
4. किस प्रकार के वृक्ष की छाया से बचना चाहिए?
5. जीवन की तुलना किससे की गयी है?
6. टूटे तारों पर कौन शोक नहीं मनाता?
7. चंपा कैसी लड़की है?
8. बीसवीं सदी की प्रमुख विशेषता क्या थी?
9. नेता जी के सम्मान में कौन-सा धार्मिक अनुष्ठान किया गया?
10. गाँधी जी की समाधी कहाँ पर है?

ST. CLARET COLLEGE LIBRARY Bengaluru-13 AUTONOMOUS

SECTION-II

किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए: **[2x7= 14]**

11. माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर ।
    कर का मनका डार दे , मन का मनका फेर ।।

12. वेदना विकल यह चेतन,
जड़ का पीड़ा से नर्तन,
लय सीमा में यह कम्पन,
अभिनयमय हैं परिवर्तन,

13. मानव को मानव का भक्षण
मानव को निज-संरक्षण का ।
परवाना सबको बाँट दिया —
जीवन-संघर्ष बढ़ा याँ तक
उस हाथ दिया, इस हाथ लिया !
देखा न पुण्य अथवा पातक,
जिसने मारा, बस वही जिया ।
बीसवीं सदी ने यही दिया ?

SECTION-III

किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **[1x15 = 15]**

14. "जो बीत गयी सो बात गयी" कविता में कवि ने टूटे तारों, सूखे फूलों और टूटे प्यालों के माध्यम से क्या संदेश देने का प्रयास किया है? स्पष्ट कीजिए |

15. 'घायल भारत माता' कविता का सारांश लिखकर इसकी विशेषताएँ लिखिए |

SECTION-IV

किन्हीं तीन विषयों पर टिप्पणी लिखिए : **[3x7 =21]**

16. केवट का पाद प्रक्षालन

17. भ्रष्टाचार के विविध रूप

18. अशोक की चिंता

19. चंपा काले अक्षर नहीं चीन्हती

20. गिरिधर कविराय का लोक ज्ञान

SECTION-V

किन्हीं एक फिल्म की समीक्षा लिखिए : **[1x 10 = 10]**

21. स्वदेश

22. तीसरी कसम

SECTION-VI

दिए गए अनुच्छेद का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई में संक्षेपण कीजिए : [1x10 = 10]

23. मन की एकाग्रता की समस्या सनातन है। आज के प्रौद्योगिकी युग में जहाँ भौतिक उन्नति की संभावनाएँ अपार हैं, ऐसे में छात्र जब अध्ययन करने बैठता है, तब उसके मन को अनेक तरह के विचार घेरने लगते हैं। वह सोचता है इस अर्थ प्रधान युग में मुझे उत्कृष्ट पद प्राप्ति के लिए एकाग्र मन से पढ़कर परीक्षा में उच्चतम श्रेणी प्राप्त करना आवश्यक है। लेकिन वह जब पढ़ने बैठता है तो *क्रिकेट, सिनेमा या मित्र-मण्डली की मौज-मस्ती के विचार में उसका मन भटकने लगता है।* मन का यह विचलन बुद्धि की एकाग्रता भंग कर देता है। वह घबरा कर सोचता है, परीक्षा तिथि पास है, मन उद्विग्न है, कैसे अध्ययन करूँ? क्या करूँ? व्यर्थ के विचार चक्र से बुद्धि अस्थिर और मन चंचल बना रहता है। वह सोचता है यदि परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया तो सब कुछ नष्ट हो जाएगा। पद, प्रतिष्ठा, वैभव कुछ नहीं मिलेगा, जीवन बोझ बन जाएगा, वह बार-बार हताशा से घिर जाता है। अनियंत्रित मन और एकाग्रहीनता उसे चिंताओं में डुबा देती है।

****